संदिग्ध दशा में अधेड़ की मौत

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के सैय्यदासीनपुर गांव निवासी ५२ वर्षीय दयाराम सरोज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बुधवार देर रात खाना खाने के बाद दयाराम खेत में फसल की रखवाली करने के लिए घर से निकले थे। कुछ देर बाद परिजनों को उनके खेत में अचेत अवस्था में पड़े होने की जानकारी मिली।

सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दयाराम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर ले गये। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों के अनुसार दयाराम खेत में फसल की रखवाली के लिए नियमित रूप से जाते थे। उनकी अचानक मौत से गांव में भी शोक का माहौल है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौत के कारणों को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

बिजली का बिल जीरो न होने पर मां-बेटी ने किया हंगामा

रानीगंज, प्रतापगढ़। बिजली का पूरा बिल जमा करने के बाद भी खाते में बकाया राशि दिखने से नाराज मां-बेटी ने गुरुवार को विद्युत उपकेंद्र रानीगंज कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गये। हरनाहपुर गांव निवासी सुनीता दूबे पत्नी अरुण कुमार दूबे अपनी बेटी शिखा दूबे के साथ बिजली कार्यालय पहुंचीं।

सुनीता के अनुसार, एक सप्ताह पहले मीटर विभाग में तैनात संविदा कर्मचारी आयुष यादव ने उन्हें बताया था कि ४८ हजार रुपये जमा करने पर विद्युत बिल का पूरा भुगतान हो जाएगा। उन्होंने ४८ हजार रुपये जमा कर दिए, लेकिन इसके बाद भी विद्युत खाते में करीब १२ हजार रुपये बकाया दिखायी देने लगा। इससे नाराज मां-बेटी रसीद लेकर बिल पूरी तरह जमा होने की बात कहकर हंगामा करने लगीं। जानकारी होने पर विद्युत उपखंड अधिकारी अविनाश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और उन्हें शांत कराया। उन्होंने बताया कि ब्याज सहित कुल बकाया ८५ हजार रुपये था। ब्याज हटाने के बाद ६१ हजार रुपये बकाया था, जिसमें ४८ हजार रुपये जमा किए जा चुके हैं। अभी करीब १२ हजार रुपये और जमा होना है। पूरी जानकारी समझाने के बाद मां-बेटी शांत होकर घर लौट गईं।


लालगंज में एसडीएम कक्ष में उत्पीड़न को लेकर विरोध जताते वकील।

रानीगंज पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार किये

रानीगंज, प्रतापगढ़। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में रानीगंज पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार एसीजीएम न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर खमपुर दूबेपट्टी गांव निवासी भाष्कर को गिरफ्तार किया गया। वहीं जिला जज न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में श्रीपुर गांव निवासी मुन्ना उर्फ लक्ष्मण पटेल को पुलिस ने पकड़ा। थाना प्रभारी अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि दोनों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम ने कारवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कारवाई के बाद न्यायालय भेज दिया।

साथी के उत्पीड़न से खफा वकीलों ने एसडीएम कक्ष में की नारेबाजी, जताया विरोध

एसडीएम के स्थलीय निरीक्षण के आश्वासन पर वकीलों का गुस्सा हुआ शान्त

लालगंज, प्रतापगढ़। अधिवक्ता के दरवाजे के सामने से जबरिया प्रशासन द्वारा कथित रूप से रास्ते के चिन्हाकंन को लेकर गुरूवार को साथियों में आक्रोश पनप उठा। नाराज अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुऐ एसडीएम के चौम्बर में पहुंचकर प्रशासनिक कारवाई पर विरोध जताया। हालांकि एसडीएम ने स्थल का निरीक्षण कर समुचित समाधान का भरोसा दिलाकर माहौल को शान्त किया। लालगंज तहसील में प्रैक्टिस करने वाले रामपुर बावली क्षेत्र के एक अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि पुलिस एवं प्रशासन की मिलीभगत से उसके दरवाजे से आबादी की भूमि पर जबरिया रास्ते का निर्माण कराने के लिए नायब तहसीलदार की अगुवाई में चिन्हांकन कराया गया। इस मामले को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी तथा महामंत्री शिवरंजन यादव की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम चौम्बर में पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने नाराज वकीलों को खुद मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। हंगामें के दौरान पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश सहित कुछ अधिवक्ताओं की एसडीएम की नोकझोंक हुयी देखी गयी। गुस्साये वकीलों ने चौम्बर से लेकर पोर्टिको तक प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर उपाध्यक्ष नामवर सिंह, अजय शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, सूर्यकांत निराला, संतोष पाण्डेय, शैलेंद्र मिश्रा, सिंटू मिश्रा, शैलेंद्र शुक्ला, केबी सिंह, शैलेंद्र तिवारी, अंकित सिंह, अतुल मिश्रा, पवन पांडेय, भानु प्रकाश त्रिपाठी, आलोक शुक्ला, कमल राज, भानु प्रकाश, गिरीश पांडेय, बृजेन्द्र पांडेय और राजेश शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

गो-तस्करी और पुलिस मुठभेड़ के आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट

सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। अपराध और संगठित गिरोहों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत देल्हूपुर पुलिस ने गो-तस्करी और पुलिस मुठभेड़ के मामले में सात आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह प्रतापगढ़ और प्रयागराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य सुनसान स्थानों और नदी किनारे गोवंश की हत्या किए जाने की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पूर्व में आरोपितों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग का मामला भी दर्ज हुआ था। इसी आधार पर गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कारवाई की गयी। जिला मजिस्ट्रेट से गैंग चार्ट स्वीकृत होने के बाद देल्हूपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। नामजद आरोपितों में मोहम्मद रकीब निवासी मानधाता, मोहम्मद नौशाद कुरैशी, खुशनैन, अब्दुल्ला उर्फ नूर अब्दुल्ला, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद इब्राहिम निवासी प्रयागराज तथा मुजम्मिल उर्फ कतन्नू निवासी प्रतापगढ़ शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों के आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़ी अन्य गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

मोबाइल चोरी कर खाते से २.७४ लाख उड़ाये

प्रतापगढ़। मोबाइल चोरी होने के बाद जालसाज ने बैंक खाते से यूपीआई के जरिए २.७४ लाख रुपये पार कर दिये। पीड़ित की शिकायत पर जेठवारा पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेठवारा थाना क्षेत्र के रेडी गांव निवासी बालेन्द्र भूषण सिंह के अनुसार उनका मोबाइल फोन छह फरवरी २०२६ को कहीं खो गया था। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने चोरी हुए मोबाइल का इस्तेमाल कर नया यूपीआई पिन तैयार किया और उनके बैंक खाते से २,७४,२०० रुपये अनधिकृत तरीके से ट्रांसफर कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। पुलिस बैंक खाते से हुए लेनदेन और यूपीआई ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटा रही है।

साइबर सेल ने १०४ शिकायतों में लौटाये ९.४६ लाख रुपये

प्रतापगढ़। साइबर ठगी के पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए चलाये गये अभियान में सितंबर माह के दौरान जनपदीय साइबर सेल, थानों की साइबर हेल्प डेस्क और साइबर क्राइम थाना की टीम ने १०४ शिकायतों में ९,४६,५४९.७३ रुपये वापस कराए। पुलिस के अनुसार यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड फ्राड सहित अन्य माध्यमों से ठगी गयी धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई गयी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और साइबर नोडल अधिकारियों के पर्यवेक्षण में एनसीआरपी पोर्टल एवं पीड़ितों की शिकायतों की जांच के आधार पर कारवाई की गयी। साइबर टीम ने संबंधित मामलों में बैंकों और अन्य माध्यमों से समन्वय कर ठगी की रकम वापस कराने का प्रयास किया। धनराशि वापस मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। पुलिस ने लोगों से अनजान नंबरों से आने वाली काल, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, संदिग्ध लिंक और आनलाइन निवेश के झांसे से सावधान रहने की अपील की है। यूपीआई पिन किसी को न बताने और स्क्रीन शेयरिंग ऐप की अनुमति नहीं देने की सलाह दी गयी है। साइबर ठगी होने पर तत्काल १९३० पर काल करने या साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

वीरांगना मानवती का बलिदान दिवस मनाकर किया नमन

परियावां, प्रतापगढ़। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना की प्रमुख वीरांगना मानवती का बलिदान दिवस बुधवार को लवाना भवानीगंज में कसेरा समाज के लोगों ने श्रद्धापूर्वक मनाया। कार्यक्रम में वीरांगना मानवती और भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीरांगना मानवती के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया।


नगर पंचायत हीरागंज में विकास कार्यों का जायजा लेते नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूरा कराने के दिये निर्देश

बाबागंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज बाजार में कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में चल रहे डिजिटल क्लास, चबूतरे के सौंदर्यीकरण और हाईमास्ट लाइट लगाने के कार्य को देखा।

उन्होंने संबंधित लोगों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं, ताकि लोगों को जल्द इसका लाभ मिल सके। इसके बाद चेयरमैन प्रतिनिधि ने नगर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर विवाहिता को पीटा

गहने और सामान छीनकर बच्चे के साथ घर से निकाला

प्रतापगढ़। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुपियामऊ निवासी विवाहिता ने पति और ससुराल वालों पर मारपीट, गहने एवं सामान छीनने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता सुमन सिंह के अनुसार, वर्ष २०१३ में उसकी शादी बड़नपुर निवासी अमन सिंह से हुई थी। आरोप है कि पति का भदोही की एक महिला से संबंध है। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता के मुताबिक २० जुलाई २०२६ को पति अमन सिंह, सास राजेश्वरी सिंह, ननद बबिता उर्फ पूनम और देवर अतुल सिंह ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि उसके गहने और सामान छीन लिए गये तथा १२ वर्षीय बेटे के साथ घर से बाहर निकाल दिया। दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग फोन पर भी गाली-गलौज करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ मारपीट, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अतुल यादव को सौंपी गयी है।

वृद्धजनों को सम्मानित कर अधिकारों के प्रति किया जागरूक


महुली स्थित वृद्धाश्रम में सम्मानित वृद्धजनों सहित अतिथि।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

प्रतापगढ़। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुधवार को माधवगंज महुली स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता को लेकर सम्मान समारोह एवं कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन एक संस्था द्वारा किया गया।

कार्यशाला में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-२००७ और न्यायाधिकरण की भूमिका की जानकारी दी गयी। वृद्धजनों को वस्त्र एवं फल भेंट करने के साथ माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। उन्हें नागरिक एवं कानूनी अधिकारों तथा गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया गया। इसमें वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, सीएमओ एएन प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, रोशन लाल उमर वैश्य, पार्षद दीपक कुमार, अनिल कुमार सिंह, वसुधा फाउंडेशन की मैथिली सिंह, संस्कार ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्य समीना अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना और सम्मान किया।

बकरियों के सब्जी खाने को लेकर विवाद में वांछित आरोपित गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। बकरियों के सब्जी खाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और धमकी के मामले में वांछित आरोपित को महेशगंज पुलिस ने ऐंधा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपित तख्त का पुरवा ऐंधा निवासी संतलाल धयकार है। पुलिस के अनुसार गांव की एक महिला ने २२ सितंबर को थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि संतलाल, शिवमूरत, सियालाल और कल्लू ने अपनी बकरियां खोल दी थीं। बकरियों ने घर के सामने लगी सब्जियां खा लीं। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला और उसकी देवरानी से मारपीट की। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान धारा ११० बीएनएस की बढ़ोतरी की गयी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम आरोपित की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर संतलाल धयकार को ऐंधा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। कारवाई करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक वंदना वर्मा, उपनिरीक्षक संतोष कुमार पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

अश्लील चैटिंग और धमकी देकर तोड़ी युवती की शादी

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के सबलगढ़ डेरवा निवासी महिला ने बेटी की शादी तुड़वाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में शगुफ्ता ने बताया कि उसकी बेटी अरबिया की सगाई लखनऊ निवासी युवक से तय हुई थी। आरोप है कि एक सितंबर को अज्ञात मोबाइल नंबर और दो इंस्टाग्राम आईडी के जरिए युवती के ससुराल पक्ष को अश्लील संदेश और रिकार्डिंग भेजी गईं। शादी न तोड़ने पर धमकी भी दी गयी। इससे दोनों परिवारों में विवाद बढ़ गया और युवती का रिश्ता टूट गया।

लोन सेटलमेंट के नाम पर ३० हजार की धोखाधड़ी

फर्जी रसीद थमाकर पैसे हड़पने का आरोप

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र में गाड़ी के लोन सेटलमेंट के नाम पर ३० हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज के मऊआइमा निवासी रामयज्ञ द्विवेदी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उन्होंने टीवीएस एक्सएल के लोन सेटलमेंट के लिए जेठवारा निवासी शुभम मिश्रा को ३० हजार रुपये दिये थे। आरोप है कि शुभम और उसके पिता राम मूरत मिश्रा ने २९,२०० रुपये की फर्जी रसीद दे दी।

दूसरे फाइनेंसर के आने पर धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पैसे मांगने पहुंचे पीड़ित को आरोपितों ने लाठी-कट्टा लेकर दौड़ा लिया और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच उपनिरीक्षक राजीव वर्मा को सौंपी गयी है।

घर के सामने से चोरी की बाइक बरामद, आरोपित गिरफ्तार

कुंडा पुलिस ने भदरी-शेखपुर तिराहे के पास से आरोपित को पकड़ा

बाबागंज, प्रतापगढ़। घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले का कुंडा पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गयी सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की। आरोपित ने पहचान छिपाने के लिए बाइक की नंबर प्लेट हटा दी थी।

पुलिस के अनुसार मझिलगांव निवासी व्यक्ति ने २९ सितंबर को तहरीर देकर बताया था कि घर के सामने खड़ी सुपर स्प्लेंडर बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। तहरीर के आधार पर कुंडा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने भदरी से शेखपुर तिराहे के बीच पुलिया के पास से शुभम पांडेय पुत्र अनिल कुमार पांडेय निवासी मनोखर बाग, हथिगवां को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की और बताया कि पुलिस से बचने के लिए नंबर प्लेट हटाई थी। वादी ने बाइक की पहचान कर ली। मामले में धारा की बढ़ोतरी कर आगे की कारवाई की जा रही है। कारवाई एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में हुई।

साक्षर बनेंगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

परियावां, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत समूह से जुड़ी महिलाओं को पढ़ना-लिखना सिखाया जाएगा, ताकि वे समूह का हिसाब-किताब, बैंक लेनदेन और सरकारी योजनाओं की जानकारी बेहतर ढंग से समझ सकें।

इसके लिए ब्लाक स्तर पर महिला साक्षरता कक्षाएं संचालित की जाएंगी।



कोहड़ौर स्थित पेट्रोल पम्प पर संतोष को बुलेट की चाबी सौंपते क्षेत्रीय प्रबन्धक।

भारत पेट्रोलियम के लकी ड्रा में संतोष को मिली रायल एनफील्ड बुलेट

कोहंडौर, प्रतापगढ़। भारत पेट्रोलियम की ओर से ग्राहकों को पुरस्कृत करने के लिए चलायी गयी योजना के मेगा लकी ड्रा में कोहंडौर नगर पंचायत के पूरे लोकई वार्ड निवासी संतोष कुमार दूबे विजेता बने। उन्हें पुरस्कार के रूप में रायल एनफील्ड बुलेट बाइक मिली।

संतोष कुमार अन्य ग्राहकों की तरह कोहंडौर स्थित केबीआर फ्यूल्स आटोमोबाइल्स से पेट्रोल भरवाते थे। लकी ड्रा में विजेता चुने जाने के बाद पेट्रोल पंप परिसर में समारोह आयोजित कर क्षेत्रीय प्रबंधक मौसम सत्यखंड ने उन्हें सम्मानित करते हुए बुलेट की चाबी सौंपी। पुरस्कार मिलने पर संतोष कुमार ने खुशी जताई।

इस दौरान पेट्रोल पंप डीलर पुष्पा त्रिपाठी, संचालक प्रभात त्रिपाठी, बीपी के अधिकारी सत्यम सिंह एवं सुभाजीत घोष, कटारी पेट्रोल पंप संचालक सुभाष यादव, हर्षवर्धन सिंह, आशुतोष सिंह, उत्कर्ष, अनिल दूबे और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि किशन सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अंत में प्रभात तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया।

संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता और जागरूकता जरूरी-सीएमओ

प्रतापगढ़। जनपद प्रतापगढ़ में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा जनसामान्य को इन रोगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एएन प्रसाद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा लोगों को अपने आस-पास स्वच्छता अपनाने संचारी रोगों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ विभिन्न विभागों एवं जनसामान्य की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के दौरान जनपद में डेंगू मलेरिया फाइलेरिया जापानी इनसेफ्लाइटिस चिकनगुनिया स्क्रब टाइफस लेपटो स्पाइरोसिस एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जायेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार पांडे द्वारा बताया गया की १२ अक्तूबर २०२६ से प्रारंभ होने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर घर जाकर लोगों को मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने, घर एवं आस पास साफ सफाई रखने पानी जमा न होने देने मच्छरदानी का प्रयोग करने तथा बुखार होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच एवं उपचार कराने के लिएजागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनपदवासियों से अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की। उनके द्वारा बताया गया की स्वच्छता जागरूकता और समय पर जांच एवं उपचार ही संचारी रोगों से बचाव का प्रभावी उपाय है।


कार्यालय सभागार में स्वच्छता की शपथ दिलाते सीएमओ डा. एएन प्रसाद।

सीएमओ ने रैली को दिखायी हरी झंडी, दिलायी शपथ

इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनजागरूकता के लिए जिला अस्पताल परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली चौक घंटाघर से पंजाबी मार्केट होती हुई अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, आशा, एएनएम, नगर पालिका परिषद वेल्हा से अधिकारी कर्मचारी, अपर पंचायत राज अधिकारी और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखायी प्रतिभा

बनवारपुर की शिफा ने पांच स्पर्धाओं में हासिल किया प्रथम स्थान

सुवंशा, प्रतापगढ़। विकासखंड गौरा की ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बुधवार को पीएम श्री विद्यालय घीनापुर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शुभारंभ बीईओ अमित कुमार दुबे, व्यायाम शिक्षक राजेंद्र पांडेय और ब्लाक स्काउट मास्टर बाल किशुन ने किया। प्रतियोगिता में बनवारपुर विद्यालय की छात्रा शिफा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए १००, २०० और ४०० मीटर दौड़, गोला फेंक तथा जूनियर लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। घीनापुर के अनुज कुमार ने १०० और २०० मीटर दौड़ में बाजी मारी। ५० मीटर दौड़ में बनवारपुर के मो. इमरान, ४०० मीटर दौड़ में अमित बिंद और गोला फेंक में मो. तौसीफ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत यादव, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जफरूल हसन, महामंत्री वीरेंद्र यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पंकज तिवारी, महामंत्री कमलेश गौतम सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


घीनापुर में बाल क्रीडा प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते प्रतिभागी।

ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की तबीयत बिगड़ी, निधन

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। मानधाता थाना क्षेत्र के मखनापुर निवासी होमगार्ड मायाराम पटेल की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें जिला अस्पताल से स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल के प्रयास से पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। निधन से परिजनों में शोक है।

सपा विधायक को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। पट्टी विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक रामसिंह पटेल को फेसबुक पर कथित तौर पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर आसपुर देवसरा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष शिवबहादुर यादव ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि फेसबुक आईडी पर कंधई थाना क्षेत्र के दलापुर निवासी पवन यादव ने विधायक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए धमकी दी। इससे समर्थकों में आक्रोश है। थाना प्रभारी राकेश चौरसिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपित पवन यादव के खिलाफ धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सचिन कुमार को सौंपी गयी है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ प्रतापगढ

पत्रांक : 2121 / लेखाकार/अल्पकालीन निविदा/2026-27 दिनांक - अक्टूबर 01, 2026

निविदा सूचना

जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ के कार्यालय पत्रांक सी-1128/स0क0/ डॉ0बी0आर0मूर्ति विकास योजना/2026-27 दिनांक 28.09.2026 द्वारा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत की गई है। स्वीकृत कार्य के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है जो खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ के पंजीकृत फर्म द्वारा दिनांक 02.10.2026 के प्रातः 10.00 बजे से 18.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में डाली जाएगी और दिनांक 18.10.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी लेखाकार एवं अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) की उपस्थिति में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ के कक्ष में खोली जाएगी। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जाएगी। निविदा के साथ (1) पंजीकरण प्रमाण पत्र, (02) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (03) हैसियत प्रमाण पत्र, (04) अनुभव प्रमाण पत्र तथा स्व घोषण पत्र एवं श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतियां एवं अर्नेस्ट मनी की राशि एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से (खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ-प्रतापगढ) के पक्ष में बन्धक होगी, निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।

निविदा एवं शर्तेः-

01. प्रत्येक निविदा दाता को 100.00 मात्र का जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 मात्र का रसीदी टिकट लगाकर शपथ पत्र हस्ताक्षरित किया जाना होगा।
02. इस निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार बिना कराण बतये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस सम्बन्ध में किसी भी निविदादाता का कोई भी दावा मान्य नही होगा।
03. अर्नेसट मनी 5 प्रतिशत एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से (खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़-प्रतापगढ) के पक्ष में बन्धक होनी चाहिए, जो निविदा के साथ मूल रूप में जमा करनी होगी। शेष 5 प्रतिशत की कटौती बिल की धनराशि से की जाएगी।
04. चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र व स्व घोषण प्रमाण पत्र के फर्जी व गलत पाये जाने पर निविदा निरस्त कर सम्बन्धित फर्म को काली सूची में दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जाएगी।
05. निविदा खोले जाने के समय पंजीकृत निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि को ही कार्यलय परिसर में प्रवेश का अधिकार होगा।
06. निविदा के समस्त शर्ते कार्य दिवस में सम्बन्धित कार्यालय में देखी जा सकती है।
07. निविदा प्रपत्र मूल्य बैंक ड्राफ्ट जो खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़ के पक्ष में स्वीकार होगा। अथवा खाता संख्या 53750100017488 बडौदा यू0पी0 शाखा लच्छीपुर में नेफट के माध्यम से अथवा क्रय के समय नकद स्वीकार होगा जिसके माध्यम से निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जाएगा।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	कार्य का नाम	ईकाई (मी0मे0)	धनराशि (लाख मे)	अर्नेस्ट मनी (5 प्रतिशत)	निविदा प्रपत्र मूल्य
01	02	03	04	05	06	07
1	जामताली	ग्राम जामताली में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास कार्य	01	9-97	50000.00	500.00
2	खमपुरदूबेपटटी	ग्राम खमपुरदूबेपटटी गुलरा में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास कार्य	01	9-90	50000.00	500.00
3	तौकलपुर	ग्राम तौकलपुर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति विकास कार्य	01	9-90	50000.00	500.00

(संजय नारायण झा)
खण्ड विकास अधिकारी
शिवगढ़-प्रतापगढ़